दिन–मंगलवार दिनांक– 10/09/2024

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

मुख्य समाचार

01. पटना में आज से पंचायती राज प्रतिनिधियों की तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला की शुरूआत। विभिन्न राज्यों के छह सौ से अधिक पंचायत प्रतिनिधि हो रहे हैं शामिल।

02. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा – सरकार साइबर अपराधों से निपटने के लिए अगले पांच साल में पांच हजार साइबर कमाण्डो को प्रशिक्षित करेगी।

03. भूमि सुधार और राजस्व विभाग के मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने स्पष्ट किया– राज्य में भूमि सर्वे का काम जारी रहेगा। कहा– ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे का काम सही तरीके से चल रहा है।

04. और, प्रदेश में मॉनसून सीजन के दौरान अब तक सत्ताईस प्रतिशत कम बारिश हुई। अगले दो दिनों के दौरान कहीं भी भारी बारिश की सम्भावना नहीं।

पंचायत सम्मेलन

पटना में आज से पंचायती राज प्रतिनिधियों की तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला की शुरूआत हुई। कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से छह सौ से अधिक सरपंच, मुखिया, ग्राम प्रधान और पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। बिहार में पहली बार आयोजित हो रहे पंचायत प्रतिनिधियों की इस तीन दिवसीय कार्यशाला की थीम है– सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण और सुरक्षित पंचायत। कार्यशाला का उद्घाटन केन्द्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने किया। श्री सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुये कहा कि देश को दो हजार सैंतालीस तक विकसित बनाने में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है और इसकी मजबूत बुनियाद पंचायती राज संस्थाओं को रखनी होगी।

श्री सिंह ने कहा कि सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में भी पंचायती राज संस्थाओं को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

पंचायत सम्मेलन–2

समारोह को संबोधित करते हुये केन्द्रीय राज्य मंत्री, पंचायती राज प्रोफेसर एस. पी. सिंह बघेल ने कहा कि बदलती परिस्थितियों के अनुरूप पंचायतों को शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपनी भूमिका को बढ़ाना होगा।

कार्यशाला को संबोधित करते हुये बिहार के पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि सरकार ने मेरा पंचायत मेरा गौरव अभियान के तहत पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाने की पहल की है।

अमित शाह

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा का एक अभिन्न हिस्सा बताया है। श्री शाह आज नई दिल्ली में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र के पहले स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

साइबर कमांडो परियोजना का शुभारंभ हुआ है। पांच साल में लगभग पांच हजार साइबर कमांडोज़ तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है और समन्वय प्लेटफार्म वो भी एक प्रकार से बहुत उपयोगी साबित होने वाला है।

श्री शाह ने कहा कि देश की प्रगति साइबर सुरक्षा के बिना संभव नहीं है। उन्होंने सभी हितधारकों से इस खतरे से निपटने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।

साइबर अपराधियों की कोई सीमा नहीं। वो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपराध करते हैं, राष्ट्रीय स्तर पर भी करते हैं, राज्य के स्तर पर भी करते हैं, इसलिए समय की एक मांग थी कि ससपैक्ट रजिस्ट्री बनाई जाए, राष्ट्रीय स्तर पर बनाए जाए और सभी राज्यों को इसके साथ जोडा जाए। एक साझा मंच इस अपराध के सामने लडने के लिए शुरू किया जाए, मैं मानता हूं इससे आने वाले दिनों में अपराध की रोकथाम में हमें बहुत बडा फायदा मिलने वाला है।

अमित शाह–2

विभिन्न क्षेत्रों में इंटरनेट के बढते उपयोग का उल्लेख करते हुए श्री शाह ने कहा कि डिजिटल लेनदेन और डिजिटल आंकडों का इस्तेमाल देश में दिन प्रतिदिन बढ रहा है। इस कारण साइबर सुरक्षा से जुडे लोगों की जिम्मेदारियां बढ गई हैं। श्री शाह ने कहा कि हाल ही में प्रभावी तीन आपराधिक कानूनों में देश में साइबर अपराध से संबंधित चुनौतियों से निपटने के लिए पर्याप्त प्रावधान हैं।

कैबिनेट

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में एक सौ मीटर लम्बाई वाली पुलों का निर्माण अब ग्रामीण कार्य विभाग करेगा। इसके अलावा कैबिनेट ने छह हजार दो सौ इक्कीस नव स्थापित और उत्क्रमिक उच्च माध्यमिक विद्यालयों में नियत वेतन पर एक–एक विद्यालय सहायक रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। वहीं, राज्य मंत्रिमंडल ने पर्यटकों की सुविधा के लिए पटना में तीन–पांच सितारा होटलों के निर्माण और संचालन की स्वीकृति प्रदान की है।

दिलीप जायसवाल

भूमि सुधार और राजस्व विभाग के मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने स्पष्ट किया है कि राज्य में भूमि सर्वे का काम जारी रहेगा। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि जमीन सर्वे का काम रोकने का सरकार का कोई इरादा

नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे का काम सुचारू रूप से जारी है। डॉक्टर जायसवाल ने कहा कि कुछ भू–माफिया सर्वे का काम रोके जाने की अफवाह उड़ा रहे हैं।

तेजस्वी यात्रा

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज समस्तीपुर से आभार यात्रा की शुरूआत की। उन्होंने समस्तीपुर टाउन हॉल में कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। श्री यादव ने राज्य सरकार पर अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति चौपट हो गयी है और विकास का काम ठप पड़ गया है।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून सीजन के दौरान अब तक सत्ताईस प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में अब तक लगभग आठ सौ चौवालीस मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए थी लेकिन सात सौ सत्रह मिलीमीटर ही बारिश हुई है। सिर्फ चार जिले नवादा, अरवल, औरंगाबाद और शेखपुरा में सामान्य से

अधिक बारिश हुई है। इसके अलावा अन्य चौंतीस जिलों में औसत से कम बारिश रिकॉर्ड की गयी। मधुबनी और सारण में सामान्य से बावन फीसदी कम बारिश हुई है। इधर, मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में मॉनसून की सक्रियता में कमी आयी है। इसके चलते अगले दो दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में छिटपुट बारिश की सम्भावना है। इस अवधि में कहीं भी भारी बारिश का पूर्वानुमान नहीं है।

डेंगू

प्रदेश में डेंगू के नए मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान तेईस नये मामलों की पुष्टि हुई है। पटना में सबसे अधिक अठारह नये मामले मिले हैं। इधर, पीएमसीएच में डेंगू से पालीगंज के सिंगौरी थाना क्षेत्र निवासी एक किशोर की मौत हो गई। राज्य में डेंगू से अबतक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस वर्ष अब तक डेंगू के एक हजार एक सौ छियालीस मामले सामने आ चुके हैं। इस बीच, पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने कहा है कि डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुये नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल को डेंगू अस्पताल बनाने की तैयारी चल रही है। एक से दो दिनों में इसकी घोषणा कर दी जायेगी।

डेंगू सलाह

देश के जाने–माने चिकित्सक डॉक्टर ए.के. वार्ष्णेय ने कहा कि डेंगू मरीजों को चिकित्सकों के सलाह पर ही दवाओं का सेवन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि डेंगू मरीजों को पैरासीटामोल के अलावा किसी अन्य दर्द निवारक दवा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

डूब मौत

प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में डूबने की घटनाओं में ग्यारह बच्चों की मौत हो गयी। बांका में चार, नालंदा में तीन, पूर्वी चम्पारण में दो और मुंगेर तथा मधुबनी में एक–एक बच्चे की डूबने से मौत की खबर है।

जिला विविध

नालंदा जिले के चेरी चौकी क्षेत्र अन्तर्गत चेरो बाजार में शराब तस्करों के खिलाफ छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में दो पुलिसकर्मी घायल हो गये। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

भागलपुर जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र में अपराधियों ने भाजपा नेता शशि मोदी पर बम से हमला कर दिया। साथ ही अपराधियों ने उनपर धारदार हथियार से भी हमला किया। घायल भाजपा नेता को बेहतर इलाज के लिए जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कटिहार जिले के सहायक थाना क्षेत्र स्थित शरीफगंज से पुलिस ने छह सौ बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप समेत भारी मात्रा में नशीली दवा बरामद की है। वहीं, जिले के  नगर थाना क्षेत्र के तीनगछिया बाजार समिति के पास से पुलिस ने लगभग एक किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

सासाराम रेलवे स्टेशन के पास से पुलिस ने चार लाख सोलह हजार रूपये मूल्य के मादक पदार्थ ब्राउन सुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

मुख्य समाचार............

01. पटना में आज से पंचायती राज प्रतिनिधियों की तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला की शुरूआत। विभिन्न राज्यों के छह सौ से अधिक पंचायत प्रतिनिधि हो रहे हैं शामिल।

02. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा – सरकार साइबर अपराधों से निपटने के लिए अगले पांच साल में पांच हजार साइबर कमाण्डो को प्रशिक्षित करेगी।

03. भूमि सुधार और राजस्व विभाग के मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने स्पष्ट किया– राज्य में भूमि सर्वे का काम जारी रहेगा। कहा– ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे का काम सही तरीके से चल रहा है।

04. और, प्रदेश में मॉनसून सीजन के दौरान अब तक सत्ताईस प्रतिशत कम बारिश हुई। अगले दो दिनों के दौरान कहीं भी भारी बारिश की सम्भावना नहीं।